# वर्तमान समय में सफलता का हथियार शिक्षा है : इज्यराज सिंह

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती क्षत्रिय शिक्षा प्रचारिणी समिति के तत्वावधान में भीम राजपूत छात्रावास के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती समारोह रविवार को मनाया गया। समिति के अध्यक्ष ठा. शिवराज सिंह राठौड़ अकावद खुर्द ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व कोटा राजपरिवार के महाराव इज्यराज सिंह रहे। अध्यक्षता लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने की।

विशिष्ट अतिथि बूंदी राजपरिवार के महाराज वंशवर्धन सिंह, मेघराज सिंह, जयदेव सिंह रहे। समिति के सचिव ठा. वीरेन्द्र सिंह शक्तावत ने भीम सिंह राजपूत छात्रावास के इतिहास के बारे में अवगत कराया। पूर्व सांसद महाराव इज्यराज सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि राजपूत छात्रावास का मकसद यही था कि लोगों को शिक्षा से जोड़ा जाए, शिक्षा की सोच कोटा में शुरू से थी, उम्मेद सिंह द्वितीय के समय अभूतपूर्व कार्य शिक्षा के क्षेत्र में हुए। 137 स्कूल बनाए गए, शिक्षा के साथ महिला शिक्षा, विधवा शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया गया। इज्यराज सिंह ने कहा कि मदन मोहन मालवीय से संपर्क में भीमसिंह जी आए और उन्होंने बनारस यूनिवर्सिटी के लिए भी योगदान दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा पर जितना जोर दिया जाए कम है, व्यवसाय पैसा, जमीन सब खत्म हो सकती है लेकिन शिक्षित व्यक्ति होगा तो कहीं भी सफल हो सकता है।

■ 'शिक्षित व्यक्ति कहीं भी सफल हो सकता है, हमें हमारा इतिहास याद रखना चाहिए'



कोटा में भीम राजपूत छात्रावास का हीरक जयंति समारोहपूर्वक आयोजित हुआ।


उन्होंने कहा कि पूर्व में सफलता का हथियार धनुष-बाण बंदूक- तलवार हुआ करती थी लेकिन वर्तमान समय में सफलता का हथियार शिक्षा है, कलम है, कंप्यूटर है, तकनीकी शिक्षा है, भाषा का ज्ञान ही सफलता का माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमें हमारी मातृभूमि के प्रति सम्मान होना चाहिए, हमें सच्चाई के लिए लड़ना चाहिए, समाज एक होगा तो देश में समाज का सम्मान होगा, पार्टी भी सम्मान करेगी। उन्होंने कहा कि हमें हमारे इतिहास से सीख लेनी चाहिए, जो गलती हुई उसे छोड़कर जो अच्छी चीज हैं उसे याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हमारे पीछे क्या छोड़कर जा रहे हैं यह महत्वपूर्ण है।

लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि हमारे इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया। हमें हमारे इतिहास से वंचित करने का प्रयास किया गया, मुगल और अंग्रेजों ने हमें जो पढ़ाया वह हमारा इतिहास मूल रूप से नहीं रहा, हमारा इतिहास गौरवशाली रहा है।

## फेस्टिवल शो के पोस्टर का विमोचन हुआ

**कोटा,** (निसं)। कोटा के उद्यमियों एवं डिजाइनर्स के लिए नाइनडॉट्सस्क्वेयर्स ने कोटा में जयपुर डिजाइन फेस्टिवल शो के पोस्टर का विमोचन किया। राजस्थान की अग्रणी डिजाइन फेस्टिवल कंपनी नये साल में 31 जनवरी से 2 फरवरी तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में इस डिजाइन फेस्टिवल की मेजबानी करेगा। इस डिजाईन फेस्टिवल शो का उद्देश्य स्टार्टअप, युवा पेशेवरों और पारंपरिक कारीगरों के रूपों को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। यह गतिशील कार्यक्रम राजस्थान और भारत के सभी राज्यों से पारंपरिक शिल्प कौशल और आधुनिक डिजाइन के मिश्रण को उजागर करेगा, जो भारत के समृद्ध इतिहास को दर्शाने वाली हस्तनिर्मित वस्तुओं के बेजोड़ मूल्य को प्रदर्शित करेगा। इसमें कोटा संभाग के उद्यमी व डिजाइनर्स भी हिस्सा लेंगे। इस शो में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण शुरू हो गये है और डिजाइन के प्रति उत्साही लोगों को इस अनोखे अनुभव के लिए अपने स्थान सुरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस फेस्टिवल के बारे में कंपनी की संस्थापक रितु खंडेलवाल ने बताया कि सबसे बड़ा नहीं सबसे रचनात्मक डिजाइन फेस्टिवल जयपुर डिजाइन फेस्टिवल सिर्फ एक इवेंट नहीं है, बल्कि एक आंदोलन है। यह राजस्थान की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करता है और पारंपरिक शिल्प और आधुनिक डिजाइन के बीच तालमेल का दर्शाता है।

# मोदी पब्लिक स्कूल में खेल सप्ताह का समापन



मोदी पब्लिक स्कूल में खेल सप्ताह का समापन हुआ।

**कोटा,** (निसं)। दादाबाड़ी स्थित मोदी पब्लिक स्कूल में रविवार को खेल सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसके मुख्य अतिथि मोदी ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमेन सुशील मोदी और ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी रहे। अतिथियों के द्वारा मां शारदा की पूजा-अर्चना के बाद सभी खेल प्रतियोगिताओं में सेमी फाइनल और फाइनल खेलों के मैच संपन्न हुए।

ग्रुप डाइरेक्टर राघव मोदी ने बताया कि विजेताओ मे जूनियर विंग में कुल 108 मेडल इसी प्रकार सिनियर विंग में 120 मेडल विभिन्न प्रतियोगितओं के विजेताओं को दिए गए, जिनमें प्रथम को स्वर्ण पदक, द्वितीय को रजत पदक और तृतीय को कांस्य पदक दिए गए।

इसमें सीनीयर ग्रुप बॉयज में बॉलीबॉल में ब्लू हाउस थ्रो बॉल बॉयज में ग्रीन हाउस गर्ल्स में रेड हाउस विजेता रहे। विजेताओं को चेयरमेन सुशील मोदी और प्राचार्य डॉ.नलिनी कुलश्रेष्ठ द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण के बाद चेयरमैन सुशील मोदी ने विद्यालय ध्वज को उतारकर समापन की घोषणा करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि इस खेल सप्ताह के सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए सभी शिक्षक, शारीरिक शिक्षक और कर्मचारी और विद्यार्थी बधाई दी एवं बताया की विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह से प्रतियोगिताओं में भाग लिया जो हमारे लिए हर्ष की बात है।

# कोटा महोत्सव का शुभारंभ आज

**कोटा,** (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को कोटा प्रवास पर पहुंचे। बिरला 23 दिसंबर से शुरू होने वाले भव्य कोटा महोत्सव का शुभारंभ करेंगे।

बिरला को जिला प्रशासन द्वारा कोटा महोत्सव के शुभारंभ एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया गया। जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी की अगुवाई में कोटा महोत्सव आयोजन की सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा आमंत्रण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बिरला ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा कोटा महोत्सव स्वागत योग्य कदम है। 'कोटा महोत्सव' के माध्यम से आज हमारा अपना शहर कोटा अपनी संस्कृति और अपनी विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के लिए तैयार है।

यह महोत्सव न केवल हमारी ऐतिहासिक धरोहरों, समृद्ध संस्कृति और खूबसूरत पर्यटन स्थलों को जानने ओर समझने का अवसर प्रदान करेगा,

■ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला 'कोटा महोत्सव' का गणेश वंदन से शुभारंभ करेंगे

बल्कि हर कोटा के प्रत्येक नागरिक को अपने गौरवशाली अतीत से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर भी देगा। बिरला ने कोटा-बून्दी के नागरिकों सहित युवा इन्फ्सुएंसर्स का आव्हान किया वे कोटा के ब्रांड एम्बेसेडर के रूप में का इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और कोटा के गौरवशाली इतिहास व अद्भुत विरासत से देश-दुनिया का परिचय कराएं। उन्होंने कहा कि कोटा पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध है। कोटा महोत्सव से कोटा के पर्यटक स्थलों की पहचान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेगी और पर्यटन मानचित्र पर कोटा तेजी से उभरेगा। इससे कोटा की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कोटा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

बिरला को जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी के साथ अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी एवं कोटा ग्रेन एण्ड सीड मर्चेंट, सेठ भामाशाह मंडी के अध्यक्ष अविनाश राठी ने कोटा महोत्सव का आमंत्रण पत्र प्रदान तीन दिवस तक होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी और उन्हें इस महोत्सव के शुभारंभ एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया।

**गढ़ पैलेस में निःशुल्क एंट्री रहेगी:-** कोटा के पर्यटन को नई ऊंचाईयां देने के उद्देश्य से मनाए जा रहे कोटा महोत्सव में अधिकाधिक जनभागीदारी कर इसे सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गढ़ पैलेस को भी तीनों दिवस निःशुल्क रखने का निर्णय लिया है। गढ़ पैलेस ट्रस्ट से मिली जानकारी के अनुसार कोटा महोत्सव के अंतर्गत 23 दिसंबर से 25 दिसंबर तक गढ़ पैलेस में आगंतुकों का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

# सांगोद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली भ्रमण किया, संसद की कार्यप्रणाली देखी

**कोटा,** (निसं)। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की पहल पर सांगोद विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का दिल्ली दर्शन कार्यक्रम सम्पन्न हो गया।

उल्लेखनीय है कि संगठन पर्व के दौरान जिन कार्यकर्ताओं ने 100 से अधिक सदस्य बनाए। उन सभी कार्यकर्ताओं को ऊर्जा मंत्री नागर की ओर से दिल्ली का भ्रमण कराने की घोषणा की गई थी। जिसके तहत् क्षेत्र के सांगोद नगर मंडल, देहात, कनवास, देवली, दीगोद, सीमलिया, बपावर मण्डल के तकरीबन 350 कार्यकर्त्ता बसों से विभिन्न अलग-अलग दिनों में दिल्ली गए थे।

इन्हें लोकसभा स्पीकर ओम बिरला तथा मंत्री नागर के सौजन्य से संसद भ्रमण कराया गया। उन्होंने संसद सत्र के दौरान संसद की कार्यप्रणाली भी देखी। साथ ही, इंडिया गेट, राष्ट्रपति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय,



ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की पहल पर भाजपा कार्यकर्ता संसद का भ्रमण करने पहुंचे।

अक्षरधाम, लोटस टेंपल, कुतुब मीनार, लाल किला समेत अन्य स्थलों को भी देखा। यहां कार्यकर्ताओं ने लोकसभा स्पीकर बिरला से भी मुलाकात की। इस दौरान स्पीकर बिरला और मंत्री नागर ने कार्यकर्ताओं के हालचाल भी जानें।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। सब्जीमंडी में एक युवक पर चाकू से हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए हमले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि किशोरपुरा निवासी अब्दुल रशीद ने 21 दिसम्बर को गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में बताया कि वह फल सब्जीमंडी मे काम करता है। फरियादी ने रिपोर्ट मे कहा कि एमपी से एक वाहन चालक जो किसान का प्याज लेकर मंडी मे आया था, वाहन चालक से बातों-बातो मे विवाद होने वाहन चालक ने चाकू निकालकर उसके पेट पर जानलेवा हमला करने लगा बचने के प्रयास में उसके दाहिने हाथ की उंगली चाकू के हमले में घायल हो गई। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिये पुलिस उपअधीक्षक योगेश शर्मा के निर्देशन एवं थानाधिकारी अनिल कुमार टेलर के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिये संभावित स्थानों पर दबिश दी और कार्यवाही करते हुए ग्राम चातल थाना सिंगोली निवासी शंकरलाल (22) को गिरफ्तार कर लिया। शहर एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान करते हुए घटना में प्रयुक्त चाकू को भी बरामद कर लिया। पकड़े गये आरोपी को न्यायलय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

# स्कूल का स्पोर्ट्स डे समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। लार्ड कृष्ण पब्लिक स्कूल का स्पोर्ट्स डे समारोह रविवार को लार्ड कृष्ण पब्लिक स्कूल परिसर में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा थे, विशिष्ट अतिथि में लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, महाराज भरत थे। समारोह में उपस्थित अतिथियों ने मशाल जुलूस जलाकर और आसमान में गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

स्पोर्ट्स दे समारोह में बच्चों ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी। स्पोर्टस डे के वार्षिक समारोह में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने 'जिंगल बेल जिंगल बेल' और फिल्मी गीतों, साउथ इंडियन, राजस्थानी गानों पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। वार्षिक समारोह में एनसीसी कैडेट द्वारा मार्च परेड निकाली गई, अतिथि द्वारा मार्च परेड को सलामी दी गई। स्कूली बच्चों ने इस मौके पर सूर्य नमस्कार की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर खेलों में प्रथम द्वितीय




लार्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स-डे का शुभारंभ हुआ।

तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं खिलाड़ियों को अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया।

विशिष्ट अतिथि कोटा लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने कहा कि जिंदगी में स्पोर्ट्स से बेहतर कुछ नहीं है जिंदगी में स्पोर्ट्स का महत्वपूर्ण स्थान होता है। बच्चा पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी नाम कमा सकते है। अतिथि महाराज भरत ने कहा कि लॉर्ड कृष्णा स्कूल में बच्चों को विद्या के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी मिल रहे हैं। विद्या से ही व्यक्ति गुणवान बनता है। स्कूल के चेयरमैन संजय शर्मा ने कहा कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य एक्टिविटी में भी ध्यान दिया जाता है। ताकि बच्चों का विकास हो सके।

## श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। अनुसूया प्रजापति कर्दम और देवहूति की 9 कन्याओं में से एक तथा अत्रि मुनि की पत्नी थीं। उनकी पति-भक्ति अर्थात सतीत्व का तेज इतना अधिक था की उसके कारण आकाशमार्ग से जाते देवों को उसके प्रताप का अनुभव होता था। इसी कारण उन्हें 'सती अनसूया' भी कहा जाता है। अमरनाथ शर्मा (पार्षद) एवं टिक्की वाला परिवार, रामपुरा, कोटा की ओर से स्व. जय प्रकाश शर्मा (जे.जे. भाईसाहब) की प्रेरणा से संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव एवं ज्ञान गंगा का आयोजन के तहत रविवार को माता अनुसूया एवं परिक्षित की कथा का वाचन किया गया। पंडित राधेश्याम ने कहा कि जिस तरह अनुसूया माता ने पति धर्म निभाया, वर्तमान में महिलाओं को उससे शिक्षा लेनी चाहिए। उन्होंने शिव आगमन की कथा का भी वर्णन किया और माता सती की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि जब शिव का अपमान हुआ तो वह हवन कुंड में समा गई।

## शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम का आयोजन हुआ

**कोटा,** (निसं)। ताल मात्रा तबला अकादमी, कोटा द्वारा बिनानी सभागार, रोटरी क्लब में शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की दीप प्रज्वलन से की गई दीप प्रज्वलन में डॉक्टर सुपूर्णा सेन रॉय, मुख्य चिकित्सा सुपरिंटेंडेंट पमरे कोटा, सुप्रकाश, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी एवं सचिव, सांस्कृतिक अकादमी रेलवे कोटा मंडल, स्पिक मैके के राष्ट्रीय सचिव अशोक जैन, सेवानिवृत पुलिस अधीक्षक एन.एल. पवन, डॉ बी.पांडा, सहायक चिकित्सा सुपरिंटेंडेंट पमरे कोटा, ऋतु शर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोटा शहर, द्वारा किया गया।

विश्वप्रसिद्ध एवम पद्मविभूषण से सम्मानित एवं सभी तबला वादकों के प्रेरणास्त्रोत उस्ताद जाकिर हुसैन को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान अशोक जैन द्वारा उस्ताद जाकिर हुसैन के संस्मरण सुनाए। कार्यक्रम की शुरूआत अकादमी की सबसे छोटी कलाकार प्रतिष्ठा सिंह द्वारा राग यमन की प्रस्तुति दी। प्रतिष्ठा ने ताल झपताल में "चन्द्रमा ललाट पर सोहे" की प्रस्तुति दी इसके अलावा छोटे ख्याल की बंदिश प्रस्तुत कर अलाप के साथ बढ़ते हुए कुछ ताने गाकर दर्शकों को मत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव पर नन्हे कलाकारों अथर्व आर्य, अथर्व दाधीच, श्वोजस श्रोतिया, प्रियांशी सूर्यवंशी, पुनिकेत एवं कनिष्क सिंह द्वारा सामूहिक तबला वादन में तीन ताल के मेरू खंड और कायदा प्रस्तुत कर दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

इसी क्रम में अकादमी के माध्यम वर्ग के हितेष सूर्यवंशी, सिद्धिद भावसार, रजत पाण्डे एवं कुन्दन सेन ने सामूहिक तबला वादन में तीन ताल में दिल्ली घराने के पेशकार, कायदे एवं द्रुत लय में टुकड़े प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया वरिष्ठ छात्र वरिष्ठ वर्ग के छात्रों द्वारा तबला वादन की शुरुआत दिल्ली घराने के पेशकार से की।

**जनरल नोटिस**
**अज अदालत जिला न्यायाधीश कोटा**
बइजलास श्री सत्यनारायण व्यास
आरएचजेएस (डी.जे.कैडर)
जिला न्यायाधीश कोटा
मुत. आवेदन क्रमांक : CM 105/2024
प्रतीक चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री प्रकाश चतुर्वेदी उम्र 40 वर्ष निवासी 109/जी-2 संजय नगर झोटवाड़ा, संतोष तड़का डाल बस्ती के पास, झोटवाड़ा जयपुर ...प्रार्थी
– बनाम –
सुनीला चतुर्वेदी पत्नी स्व. प्रकाश चतुर्वेदी निवासी 109/जी-2 संजय नगर झोटवाड़ा, संतोष तड़का डाल बस्ती के पास झोटवाड़ा जयपुर व अन्य
मृतक पदमावती पत्नी स्व.राजनाथ को तामील का पता मकान नंबर 86 कब्रिस्तान के सामने गली, नम्बर-8 के कोने में शास्त्री कॉलोनी, गणेशपुरा रोड कोटा जं. कोटा
**प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 278 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**
एतद्द्वारा हर आम व खास को सूचना दी जाती है कि न्यायालय हाजा में प्रार्थी ने उपरोक्त उनवान शीर्षक का प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा 278 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम पेश कर निवेदन किया है कि प्रार्थी की दादी पदमावती पत्नी स्वर्गीय राजनाथ का एक बैंक लॉकर नम्बर-2 अप्रार्थी क्रम-13 एस बी आई स्टेशन रोड कोटा में था। प्रार्थी की दादी पदमावती का दिनांक 28.5.2009 को तथा उनके पति प्रार्थी के दादा राजनाथ पुत्र बिशन लाल चतुर्वेदी जी की दिनांक 25.1.1997 को मृत्यु हो गई। प्रार्थी के दादा राजनाथ पुत्र बिशन लाल का देहांत दिनांक 19.1.1997 को तथा दादी पदमावती का देहांत दिनांक 28.5.2009 को हो गया। उसके बाद उनके कुल सात संताने 4 पुत्र रविन्द्र नाथ, दिनेश कुमार, प्रकाश चंद, सतीश कुमार तथा 3 पुत्रियां सरोज, सरिता व रेखा हुए। रविन्द्रनाथ जी का दिनांक 29.5.2015 को देहांत हो गया उनके बाद अप्रार्थी क्रम-3 सुनीता, अप्रार्थी क्रम-4 राहुल, अप्रार्थी क्रम-5 रोहित, अप्रार्थी क्रम-6 तृप्ति तथा प्रकाश चंद जी का दिनांक 25.3.2023 को देहांत हो जाने के पश्चात स्वयं प्रार्थी व अप्रार्थी क्रम-1 सुनीला व अप्रार्थी क्रम-2 प्रगति उनके विधिक वारिसान हैं। सतीश चंद जी का दिनांक 8.11.2023 को देहांत हो जाने के पश्चात अप्रार्थी क्रम-8 सुप्रीया व अप्रार्थी क्रम-9 सौम्या उनकी विधिक वारिसान हैं। प्रार्थी की दादी के देहांत के पश्चात प्रार्थी ने उनके लॉकर को ऑपरेट करने के लिए बैंक में सम्पर्क किया तो शाखा प्रबंधक द्वारा लॉकर ऑपरेट नहीं करने दिया और सक्षम न्यायालय से प्रशासन पत्र की मांग किये जाने पर माननीय न्यायालय के द्वारा प्रशासन पत्र जारी किया जाना न्यायोचित एवं विधि सम्मत है। अतः हर आम व खास को सूचना दी जाती है कि यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के सम्बंध में कोई ऐतराज या किसी प्रकार की आपत्ति एवं एतराज हो तो वह व्यक्ति दिनांक 28.01.2025 को समय 10 AM बजे पर न्यायालय हाजा में असालतन व वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें, अन्यथा प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रार्थी के पक्ष में न्यायालय द्वारा उक्त प्रार्थना अनुसार प्रशासन पत्र जारी कर दिया जायेगा। यह सूचना पत्र न्यायालय की मुद्रा व हस्ताक्षर से आज दिनांक 12 माह 12 वर्ष 2024 को जारी किया गया।
मोहर
न्यायालय के आदेश से
वरिष्ठ मुंसरिम
जिला न्यायाधीश कोटा
जिला एवं सेशन न्यायालय, कोटा (राज.)

## साइंटिफिक सेशन का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। झालावाड़ रोड स्थित एक निजी होटल में द विंची रोबोटिक सर्जिकल सिस्टम पर साइंटिफिक सेशन का आयोजन किया गया। जिसमें जयपुर से आए रोबोटिक सर्जरी के विशेषज्ञ एवं सीके बिरला हॉस्पिट्ल्स के मिनिमल एक्सेस, बेरियाट्रिक्स एण्ड जनरल सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. राजेश शर्मा ने रोबोटिक तकनीक के फायदों और इसके द्वारा संभव होने वाली जटिल सर्जरियों के बारे में बताया। सेमीनार में बड़ी संख्या में शहर के विशेषज्ञ सर्जन ने भाग लिया। उन्होंने सर्जरी के बारे में रोबोटिक सर्जरी के बारे में सवाल-जवाब भी किये। उन्होंने कहा कि तकनीकी क्रांति के दौर में आज रोबोटिक सर्जरी एक नई क्रांति के साथ मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। आज कैंसर, हार्ट व मूत्र संबंधी रोगों के ऑपरेशन में सटीक रोबोटिक सर्जरी की जा रही है। परंपरागत सर्जरी के मुकाबले रोबोटिक सर्जरी अधिक सुरक्षित, दर्द रहित और सटीक ऑपरेशन करने में काफी मददगार साबित हो रही है। इसमें कम रक्तस्त्राव के साथ तेजी से रिकवरी करने में भी मदद मिलती है।

# भारत के लिए संस्कृति का आधार है सहकारिता का मॉडल : ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर

**कोटा,** (निसं)। दुनिया के लिए सहकारिता एक मॉडल है, लेकिन भारत के लिए यह संस्कृति का आधार है और जीवन पद्धति है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा भी सहकारिता से ही मिली थी। इससे न केवल आर्थिक सशक्तिकरण हुआ, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों को एक सामाजिक मंच भी मिला। यह बात ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को खड़े गणेशजी स्थित वृंदावन गार्डन में कही। वे धरणीधर सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारे वेदों में कहा गया है, 'हम सभी को एक साथ चलना चाहिए और एक स्वर में बोलना चाहिए, जबकि हमारे उपनिषद् हमें शांतिपूर्वक रहने के लिए कहते हैं, हमें सह-अस्तित्व का महत्व सिखाते हैं, यह एक ऐसा भाव है, जो भारतीय परिवारों का भी अभिन्न अंग है और इसी तरह सहकारिता की उत्पत्ति का मूल भी यही है।" आज देश और प्रदेश में सहकारिता




कोटा में श्री धरणीधर बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने संबोधित किया।

आंदोलन का विस्तार हो रहा है।

यूएनओ द्वारा 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों को न्यूनतम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने में सहकारी समितियां गहरा योगदान दे रही हैं। जीवन के उतार-चढ़ाव में कम ब्याज दर पर मिलने वाला ऋण बहुत सहयोगी होता है और जीवन को पटरी पर लाने में भी संबल प्रदान करता है।

■ श्री धरणीधर बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड कोटा की वार्षिक आमसभा में बोले ऊर्जा मंत्री

इस दौरान समिति के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र धाकड़, श्री धाकड़ पंचायत कोटा महानगर अध्यक्ष चंद्रप्रकाश नागर, समिति अध्यक्ष रामकुमार नागर, सचिव बजरंगलाल नागर, कोषाध्यक्ष धनराज नागर, रमेश नागर चतरपुरा, संचालक मण्डल सदस्य महावीर नागर, राजेन्द्र नागर, कपिल साग्रित्रा, रमेश चन्द्र, बुद्धिप्रकाश, नरेन्द्र नागर एडवोकेट, वन्दना नागर, भारती नागर, पंकज नागर, रमेश चन्द्र नागर जाखोडा, ओमप्रकाश नागर, इन्द्र कुमार नागर, हरीश नागर आदि उपस्थित रहे।

## जागरुकता रैली निकाली

**कोटा,** (निसं)। मंडल रेल चिकित्सालय द्वारा 100 दिवसीय क्षय रोग उन्मूलन अभियान की शुरुआत 11 दिसम्बर को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपर्णा सेन राय के मार्गदर्शन में किया गया था। इस अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों को आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम रेलवे अस्पताल कोटा द्वारा पुरानी रेल कॉलोनी परिक्षेत्र में टीवी रोग उन्मूलन जागरूकता रैली का आगाज किया गया। इस रैली के माध्यम से रेलकर्मी, उनके परिजन एवं आमजनों को जारूकता संदेश दिया गया।

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
क्रमांक-एफ15/कृ.भू.रू./2024/2976 **विज्ञप्ति** दिनांक 18.12.2024
सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना आदर्श नगर भूखण्ड संख्या 13-बी खसरा नं. 255 आवेदक/आवेदिका श्रीमती गीता शर्मा पुत्री श्री नन्द लाल शर्मा निवासी म.नं. 602 खेडली फाटक कोटा द्वारा ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। भूखण्ड संख्या 13 ऐरिया 244.44 वर्गगज का पट्टा क्रमांक 270 दिनांक 31.12.2001 को श्री सूरजमल विजय पुत्र श्री गणपतलाल के पक्ष में जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा भूखण्ड संख्या 13 का उप विभाजन इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 1571 दिनांक 07.09.2009 से भूखण्ड संख्या 13-ए क्षेत्रफल 1100 वर्गफुट व भूखण्ड संख्या 13-बी क्षेत्रफल 1100 वर्गफुट के रूप में किया गया। पट्टाधारी द्वारा भूखण्ड संख्या 13-बी क्षेत्रफल 1100 वर्गफुट का रजिस्टर्ड दान पत्र दिनांक 06.10.2009 को अपने पुत्र रविन्द्र विजय पुत्र श्री सूरजमल विजय के पक्ष में किया गया था। जिसका नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक 2513 दिनांक 13.03.2010 से जारी किया गया। रविन्द्र विजय द्वारा भूखण्ड संख्या 13-बी क्षेत्रफल 1100 वर्गफुट का बैचान जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 02.07.2015 को जर्ये मुख्तारआम श्री अजय शर्मा पुत्र श्री नन्द लाल शर्मा द्वारा आवेदिका के पक्ष में किया गया है।
अतः श्रीमती गीता शर्मा पुत्री श्री नन्द लाल शर्मा के पक्ष में नाम हस्तान्तरण किये जाने में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।
उप सचिव, कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा